अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ................................................ पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2017
## (समावेशी शिक्षा)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** ब्रेल लिपि उपयोगी है - **(1)**

(A) दृष्टिबाधितों के लिए (B) श्रवणबाधितों के लिए

(C) अस्थि बाधितों के लिए (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** पिछड़े बालकों की पहचान हेतु परीक्षण है - **(1)**

(A) सामान्य बुद्धि परीक्षण (B) मानवीकृत उपलब्धि परीक्षण

(C) नैदानिक परीक्षण (D) उपर्युक्त सभी

**3.** "वंचित होना निम्न स्तरीय जीवन दशा या अलगाव को घोषित करता है जो कि कुछ व्यक्तियों को उनके समाज की सास्कृतिक उपलब्धियों में भाग लेने से रोक देता है।" यह कथन है - **(1)**

(A) गार्डन का (B) वॉलमैन का

(C) 盖 ब्राउन का (D) क्रॉनवेल का

**4.** वी.एन. दास के अनुसार वंचित बालकों का लक्षण नहीं है - **(1)**

(A) उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धि (B) बौद्धिक विकास में क्रमिक ह्वास

(C) शैक्षिक उपलब्धि में क्रमिक ह्वास (D) शैक्षिक जीवन का अपरिपक्व रूप से समापन

**5.** बाल अपराधी बालकों के उपचार की विधि है - **(1)**

(A) मनोविश्लेषणात्मक विधि (B) मनोवैज्ञानिक विधि

(C) परिवीक्षण विधि (D) उपर्युक्त सभी

**6.** विशिष्ट वर्ग के बालक नहीं होते है - **(1)**

(A) प्रतिभाशाली बालक (B) पिछड़े बालक

(C) सामान्य बालक (D) विकलांग बालक

**7.** मनोविश्लेषण विधि के जनक थे - **(1)**

(A) स्किनर (B) पॉतलोव

(C) फ्रायड (D) थार्नडाइक

**8.** प्रतिभाशाली बालकों हेतु शिक्षण विधि है - **(1)**

(A) गतिवर्द्धन (B) संपन्नीकरण या विशेष पाठ्यक्रम

(C) विशिष्ट कक्षाएँ (D) उपर्युक्त सभी

**9.** टरमन के अनुसार सामान्य बुद्धि बालकों की बुद्धिलब्धि होती है - **(1)**

(A) 140 से अधिक (B) 120 से 140

(C) 110 से 120 (D) 90 से 110

**10.** सी.ए.टी. परीक्षण है - **(1)**

(A) बच्चों के लिए (B) बालिकाओं के लिए

(C) वयस्कों के लिए (D) पशुओं के लिए

**11.** मनोविज्ञानशाला, उ.प्र. स्थित है - **(1)**

(A) कानपुर में (B) बरेली में

(C) प्रयागराज (इलाहाबाद) में (D) मेरठ में

**12.** "व्यक्ति का बुद्धितापूर्ण चयन एवं सामंजस्य के लिए दी जाने वाली सहायता निर्देशन है।" यह कथन है - **(1)**

(A) सी.वी.गुड का (B) आर्थर जे. जोन्स का

(C) मैथ्यूसन का (D) जे. एस. ब्रिवर का

**13.** निर्देशन का प्रकार नहीं है - **(1)**

(A) शैक्षिक निर्देशन (B) लिखित निर्देशन

(C) व्यक्तिगत निर्देशन (D) व्यावसायिक निर्देशन

**14.** निर्देशन तथा परामर्श देने का कार्य प्रारम्भ होना चाहिए - **(1)**

(A) प्राथमिक स्तर पर (B) उच्च प्राथमिक स्तर पर

(C) माध्यमिक स्तर पर (D) विश्वविद्यालय स्तर पर

**15.** परामर्श से सम्बन्धित उपकरण है - **(1)**

(A) संचित अभिलेख (B) साक्षात्कार

(C) आत्मकथाएँ एवं निरीक्षण (D) उपर्युक्त सभी

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** समावेशी शिक्षा से आप क्या समझते है? **(1)**

**17.** अपवंचित बालकों से क्या अभिप्राय है? **(1)**

**18.** प्रतिभाशाली बालकों की बुद्धिलब्धि कितनी होती है? **(1)**

**19.** दृष्टिबाधित बालकों की शिक्षा किस प्रकार की होनी चाहिए? **(1)**

**20.** बुद्धिलब्धि किसे कहते है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**21.** विशिष्ट बालकों की दो विशेषताएँ लिखिए। **(1)**

**22.** सृजनात्मक बालकों की पहचान हेतु किये जाने वाले किन्हीं दो परीक्षणों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**23.** शैक्षिक पिछड़ेपन के दो प्रमुख कारण लिखिए। **(1)**

**24.** समस्यात्मक बालक किसे कहते है? **(1)**

**25.** बाल अपराध रोकने हेतु दो प्रमुख उपाय लिखिए। **(1)**

**26.** निर्देशन का अर्थ स्पष्ट करते हुए परिभाषित कीजिए। **(1)**

**27.** समावेशी शिक्षा, सामान्य शिक्षा से किस प्रकार भिन्न है? **(1)**

**28.** निर्देशन के दो प्रमुख उद्देश्य लिखिए। **(1)**

**29.** परामर्श का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**30.** निर्देशन व परामर्श में दो प्रमुख अन्तर लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** विद्यालय में समावेशी शिक्षा प्रदान किए जाने में अध्यापक की क्या भूमिका है? **(2)**

**32.** प्रतिभाशाली बालकों की शिक्षा व्यवस्था किस प्रकार की होनी चाहिए? **(2)**

**33.** शैक्षिक रूप से पिछड़े बालकों हेतु उपचारात्मक कार्यक्रमों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**34.** बाल अपराध के प्रमुख कारण लिखिए। **(2)**

**35.** निर्देशन के प्रमुख प्रकारों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**36.** बालकों को उचित निर्देशन देने में शिक्षक की भूमिका का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**37.** परामर्शदाता किसे कहते है? परामर्शदाता में कौन-कौन से गुण होने चाहिए। **(2)**

**38.** उच्च प्राथमिक स्तर पर निर्देशन तथा परामर्श की क्या आवश्यकता है? **(2)**

**39.** निर्देशन तथा परामर्श की विधियों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**40.** बालकों के सीखने में निर्देशन तथा परामर्श के महत्व को समझाइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/samaveshi-shiksha/2017

2. समावेशी शिक्षा का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/samaveshi-shiksha/

3. समावेशी शिक्षा के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/samaveshi-shiksha/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN